


## मौनी रॉय ने लिखा श्लोक– सखा सप्तपदा भव...

मौनी रॉय इस वक्त सुर्खियों में छाई हुई हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड सूरज नाम्बियार संग शादी कर ली है। शादी गोवा में हुई है और दो रीति–रिवाजों से हुई है। पहली मलयाली और दूसरी बंगाली। अपनी वेडिंग सेरेमनी के दौरान मौनी का सोशल मीडिया पेज भी पूरी तरह ऐक्टिव है। वो हल्दी, मेहंदी से लेकर वेडिंग तक, सारी फोटोज शेयर कर रही हैं। अब दुल्हन ने मौनी ने अपने दूल्हे सूरज संग नई तस्वीरें शेयर की हैं और बेहद खास कैप्शन लिखा है। मौनी रॉय ने इंस्टाग्राम पर वेडिंग सेरेमनी की अनदेखी फोटोज शेयर की हैं। रेड कलर के लहंगे में मौनी बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। ये तस्वीरें मंडप की हैं, जहां वो सूरज संग सात वचनों को निभाते हुए सात फेरे ले रही हैं। मौनी ने इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में शादी का मंत्र लिखा है, सखा सप्तपदा भव। सखायौ सप्तपदा बभूव। सख्यं ते गमेय। सख्यात् ते मायोष। सख्यान्मे मयोष्ठाः। मौनी ने जिन श्लोकों को लिखा है उसका अर्थ दोस्ती और साथ मिलकर जीवन में आगे बढ़ने से है। उसका तात्पर्य है, तुमने मेरे साथ मिलकर सात कदम चला है, इसलिए मेरी दोस्ती स्वीकार करो। हमने एक साथ सात कदम चले हैं, इसलिए मुझे तुम्हारी मित्रता स्वीकार करने दो। मुझे अपनी दोस्ती से अलग मत होने देना। बता दें कि दूल्हा वेदी के चारों ओर सात कदम चलने के बाद इसका पाठ करता है।

## जमीन पर गिरे पपाराजी की मदद के लिए दौड़ पड़ीं सान्या मल्होत्रा

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और काफी पसंद किया जा रहा है। उनकी फोटोज क्लिक कर रहे एक कैमरापर्सन अचानक लड़खड़ाकर सड़क पर गिर पड़े तो सान्या तुरंत उनकी हेल्प करने के लिए दौड़ पड़ीं। उन्होंने उस फोटोग्राफर को उठने के लिए न सिर्फ सहारा दिया, बल्कि ये भी पूछा कि उन्हें कहीं चोट तो नहीं लग गई। सान्या की इस अच्छाई पर फैंस फिदा हो गए हैं। ये वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है। इसमें देखा जा सकता है कि सान्या किसी जगह से बाहर निकल रही हैं। उनकी फोटो क्लिक कर रहे फोटोग्राफर का बैलेंस बिगड़ जाता है और वो गिर पड़ते हैं। उन्हें गिरता देख सान्या दौड़ पड़ती हैं। उनकी मदद करती हैं। उनसे पूछती हैं, आप ठीक है ना? उनका यूं चिंता करना फैंस को पसंद आ रहा है। फैंस वीडियो पर खूब कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा, वो उनके लिए बहुत कंसर्न थी। दूसरे फैन ने लिखा, वो बहुत ही केयरिंग पर्सन है। वहीं, कुछ लोगों ने उन्हें डाउन टू अर्थ भी बताया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सान्या को विक्की कौशल के साथ सैम बहादुर में देखा जाएगा।

## सलमान खान की छत्रछाया से दूर जाना चाहती हैं यूलिया वंतूर



यूलिया वंतूर हमेशा से सलमान खान की खास दोस्त होने के नाते चर्चा में रही हैं। लेकिन इन दिनों वह अपने नए सॉन्ग में चला को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। गाने में गुरु रंधावा के साथ उनकी मिठी आवाज को पसंद किया जा रहा है और यूलिया इससे बेहद खुश भी हैं। यह गाना सलमान खान और प्रज्ञा जायसवाल पर फिल्माया गया है। यूलिया इससे पहले सलमान खान के लिए सीटी मार गाना भी गा चुकी हैं। यूलिया कहती हैं कि सलमान खान का टैग साथ हो तो इसके फायदे भी हैं और नुकसान भी। वह यह भी मानती हैं कि सलमान एक बेहतरीन इंसान हैं, लेकिन यूलिया का कहना है कि वह सलमान से इतर अपनी एक अलग पहचान बनाना चाहती हैं। उनकी छाया में नहीं जीना चाहतीं।
यूलिया कहती हैं, सलमान एक बेहतरीन इंसान हैं और जबरदस्त ऐक्टर हैं। उन्हें इस फील्ड का बहुत बढ़िया अनुभव है। जब आप उनके आसपास होते हैं तो आपको उनसे सीखने को बहुत कुछ मिलता है। यूलिया आगे खुद के बारे में बात करते हुए कहती हैं, जहां मेरा खुद के बारे में सोचना है तो मुझे अपनी खुद की पहचान के साथ काम करना है। मैं इस पर काम भी कर रही हूं। खासकर इसलिए कि लोग मुझे यहां अच्छी तरह नहीं जानते हैं, इसलिए मेरे लिए यह करना जयादा जरूरी है।

# सुभाष घई ने बिना स्क्रिप्ट बनाई थी राम–लखन

*अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, जैकी श्रॉफ, डिंपल कपाड़िया, अनुपम खेर... एक के एक दिग्गज ऐक्टर। दो भाइयों की शानदार कहानी। बेहतरीन गाने और उन सब से आगे एक सदाबहार डायरेक्टर। बॉलिवुड फिल्म राम लखन को रिलीज हुए 33 साल हो गए हैं। भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शुमार इस फिल्म से जुड़ी ऐसी कई बातें हैं, जो 33 साल बाद भी सुभाष घई के जेहन में हैं। उन यादों से गुजरते हुए सुभाष घई ने बताया कि कैसे बिना किसी प्रॉपर स्क्रिप्ट के ही फिल्म की शुरुआत हो गई थी। कैसे सुपरस्टार्स की टोली ने शूटिंग की और यह भी करण जौहर से लेकर रोहित शेट्टी तक राम लखन की रीमेक बनाना चाहते थे।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**33 साल बाद भी आज की कहानी है राम लखन**
सुभाष घई कहते हैं कि राम लखन की कहानी टाइमलेस है। वह कहते हैं, मुझे खुशी है कि इन 33 साल में छोटे पर्दे पर भी लोगों ने इस फिल्म को कई बार देखा है। मेरे हिसाब से राम लखन की कहानी टाइमलेस है। इसमें राखी द्वारा निभाई गई मां, राम जैसे भाई और लखन जैसे करप्ट इंसान की ताकत थी। ऐसे कैरेक्टर वाले लोग आज भी हैं और आने वाले भविष्य में भी हमारे समाज में हमेशा रहेंगे। इस देश में अच्छे लोग भी हैं और बुरे लोग भी हैं। आज भी व्यवस्था में मजबूत, ईमानदार लोग हैं। और ऐसे लोग भी हैं जो चीजों को गलत दिशा में धकेल रहे हैं। और जब ये दो तरह के लोग एक मां के ही बेटे होते हैं तो एक टाइमलेस इक्वेशन बनता है।

**रोहित-करण बनाना चाहते थे रीमेक**
क्या इन 33 साल में कभी राम लखन के रीमेक का खयाल आया? इस बारे में बात करते हुए सुभाष घई कहते हैं, यह कहानी आज के दौर के हिसाब से भी फिट है। करण जौहर और रोहित शेट्टी इसका रीमेक बनाना चाहते थे, लेकिन वे अपना समय ले रहे हैं। हालांकि,



मुझे यकीन है कि जब भी फिल्म का रीमेक बनाया जाएगा तो यह ब्लॉकबस्टर होगी, क्योंकि इसमें बेहतरीन ड्रामा, अच्छी कहानी, मजबूत स्क्रिप्ट और कैरेक्टर्स का बेजोड़ मेल है।

**जल्दबाजी में शुरू हुई थी फिल्म, नहीं थी स्क्रिप्ट**
सुभाष घई फिल्म में जुड़ी एक मजेदार बात बताते हैं। वह कहे हैं, मैंने जल्दबाजी में राम लखन बनाना शुरू कर दिया था। मैंने देवा फिल्म पर काम बंद कर दिया था। इसलिए मुझे यह फिल्म एक महीने के अंदर शुरू करनी थी। मेरे पास राम लखन के लिए आईडिया था, लेकिन कहानी नहीं थी। मुझे एक कहानी और एक स्क्रिप्ट लिखनी थी और एक महीने के अंदर शूटिंग शुरू करनी थी। मैंने अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ के साथ मेरी जंग और हीरो में काम किया था। मैंने उनसे कहा कि मैं अगले महीने एक फिल्म शुरू करना चाहता हूं और वे मान गए।

**डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म बेचने से किया था इनकार**
सुभाष घई ने आगे बताया, मैंने माधुरी दीक्षित को तीन फिल्मों के लिए साइन किया था। इनमें पहली फिल्म थी उत्तर दक्षिण और दूसरी थी राम लखन। माधुरी हमारी मुक्ता की आर्टिस्ट थीं इसलिए मैं उन्हें पुश कर रहा था। लेकिन समस्या तब शुरू हुई जब मेरे तीन रेगुलर डिस्ट्रीब्यूर्स ने मुझे छोड़ दिया। ऐसा इसलिए हुआ कि अनिल और जैकी की फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। मुंबई के साथ ही दिल्ली, यूपी और पश्चिम बंगाल के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म छोड़ दी। मुझे फिल्म बनाने के बाद इसे बेचना पड़ा। स्क्रिप्ट को शूटिंग के दौरान ही इंप्रूव करना पड़ा। आज हर किसी को एक कसी हुई स्क्रिप्ट चाहिए। जबकि मैंने राम लखन को बिना किसी प्रॉपर स्क्रिप्ट के बना दी और यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

# एक–दूजे में इस कदर खो गए करण–तेजस्वी

*रिएलिटी शो बिग बॉस 15 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुआ ये शो अब खत्म होने जा रहा है। 29 और 30 जनवरी को इसका ग्रैंड फिनाले है, जिसमें शहनाज गिल के साथ कई जानी–मानी हस्तियां भी शामिल होंगी। खैर, कंटेस्टेंट्स की बात करें तो अब घर में करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश, प्रतीक सहजपाल, निशांत भट्ट, रश्मि देसाई और शमिता शेट्टी बचे हैं।*



होस्ट सलमान खान जल्द ही इस सीजन के विनर की अनाउंसमेंट करेंगे। शो में करण और तेजस्वी का रिलेशनशिप काफी हाइलाइट रहा। किसी ने इन्हें फेक कहा तो किसी ने रियल बताया, लेकिन ये बात सच है कि इन्हें कोई भी इग्नोर नहीं कर पाया। शो के आखिरी एपिसोड्स में यानी फिनाले वीक में मस्ती–मजाक दिखाया जा रहा है। घर में लाइव ऑडियंस भी आई। इस बीच करण और तेजा एक टास्क के दौरान इतने ज्यादा करीब आ गए कि वहां मौजूद लोग बोल पड़े, श्ये टास्क है या रासष्!
करण और तेजस्वी को लाइव ऑडियंस के सामने एक टास्क करना था, लेकिन दोनों ही एक–दूसरे के बहुत ज्यादा करीब आ गए और रोमांटिक हो गए। इस बीच ऑडियंस ने उन्हें चीयर कर अपना प्यार भी दिखाया।
इस दौरान करण नीचे लेट गए और तेजस्वी उनके हाथ के सपोर्ट से पुशअप्स करने लगीं। इस दौरान कुछ लोग हूटिंग कर रहे थे। तालियां बजा रहे थे। हालांकि, कुछ लोगों ने आपत्ति भी जताई। इसके बावजूद करण और तेजस्वी को कोई फर्क नहीं पड़ा और दोनों एक–दूसरे में खोए रहे। यहां तक कि दोनों बेडरूम में भी चले गए।
खैर, अब दो दिन बाद यानी 30 जनवरी को इस सीजन का विनर मिल जाएगा। फैंस ग्रैंड फिनाले के लिए बहुत एक्साइडेट हैं। इसके कुछ प्रोमो भी सामने आए हैं, जिसमें कमीडियन भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया घर के अंदर आए हैं और कंटेस्टेंट्स के साथ खूब हंसी–मजाक हो रहा है।